SHRI M. BADRAPPAN

Shri M. Badrappan is the master of the Valli Oyil Kummi folk dance.

2. Born on 16th April, 1936 Shri Badrappan studied upto 10thstandard and lived as a small farmer. He learned Arichandra Kummi from Master Shri Thottanagowder in 1959. Since 1962, he has been working with Shri Tirumappa Gowder, the Master of Valli Oyil Kummi. In 1992, he formed a team under his leadership. He has been working in folk arts for 52 years. He has been training Valli Oyil Kummi to around 100 boys and girls for the last 20 years in his village Dasanur in Government Middle school. In beginning stage, only men participated in folk art, now women are also participating. He has added the history of great Tamil poet Bhatathiyar, social concepts, method of life, environmental awareness, natural agriculture and health and infectious diseases through Valli Oyil Kummi.

3. Shri Badrappan conducts Valli Oyil Kummi in festivals in villages and cities, schools, colleges, universities, centers, organizations and associations. So far, he has conducted around 300 events. He is participating in social media like radio, television, YouTube and through short films to encourage and protect Valli Oyil Kummi and other folk arts.

4. Shri Badrappan has been performing at Coimbatore Radio for 24 years. He has conducted Valli Oyil Kummi programs three times on Coimbatore Pothigai TV, Bharatiar University, Coimbatore, Avinasilingam University and Kongunadu College of Arts and Science, Coimbatore. Thanjavur Southern Cultural Center helped him for two years 2015 and 2016 to implement the Guru Sishya Parampara project. He has implemented that plan in a great way. He participated in the Salangainatham program organized by Thanjavur Southern Cultural Center in the years 2015, 2016 and 2017 and gave a great contribution.

5. Shri Badrappan has received many awards. The South Zone Cultural Centre Tanjore, Zonal Cultural Centre Salem, District Art Centre, Coimbatore honoured him with Kalai Muthumani Award in 2002.The Tamil Nadu Government honoured him with Kalaimamani Award in 2019 appreciating his continuous service in folk art.

श्री एम. बद्रप्पन

श्री एम. बद्रप्पन वल्ली ओयिल कुम्मी लोक नृत्य के उस्ताद हैं।

2. 16 अप्रैल, 1936 को जन्मे, श्री बद्रप्पन ने 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई की और वे एक छोटे किसान के रूप में जिंदगी जी रहे थे। उन्होंने वर्ष 1959 में मास्टर श्री थोट्टानागॉडर से अरिचन्द्र कुम्मी सीखा। वर्ष 1962 से वे वल्ली ओयिल कुम्मी के मास्टर, श्री तिरुमप्पा गाडर के साथ काम कर रहे हैं। वर्ष 1992 में, उन्होंने अपने नेतृत्व में एक टीम बनाई। वे 52 वर्षों से लोक कलाओं के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। वे वल्ली ओयिल कुम्मी का पिछले 20 वर्षों से अपने गांव दसानूर में गवर्नमेंट मिडिल स्कूल में लगभग 100 लड़कों और लड़कियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रारंभ में,केवल पुरुषों ने लोक कला में भाग लिया, अब महिलाएं भी भाग ले रही हैं। उन्होंने वल्ली ओयिल कुम्मी के माध्यम से महान तमिल कवि भारतियार के इतिहास, सामाजिक अवधारणाओं, जीवन जीने के तौर–तरीके, पर्यावरण संबंधी जागरूकता, प्राकृतिक कृषि और स्वास्थ्य और संक्रामक रोगों को जोड़ा है।

3. श्री बद्रप्पन गांवों और शहरों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, केंद्रों, संगठनों और संघों में वल्ली ओयिल कुम्मी का आयोजन करते हें। अब तक, उन्होंने लगभग 300 कार्यक्रम आयोजित किए हैं। वे रेडियो, टेलीविजन, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया और लघु फिल्मों के माध्यम से वल्ली ओयिल कुम्मी और अन्य लोक कलाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी रक्षा करने के कार्य में लगे हुए हैं।

4. श्री बद्रप्पन 24 वर्षों से कोयंबटूर रेडियो में इस कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कोयंबटूर पोतिगाई टीवी, भारतियार विश्वविद्यालय, कोयंबटूर; अविनासिलिंगम विश्वविद्यालय और कोंगुनाडु कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, कोयंबटूर में तीन बार वल्ली ओयिल कुम्मी कार्यक्रम आयोजित किए हैं। तंजावुर दक्षिणी सांस्कृतिक केंद्र ने गुरु शिष्य परम्परा को लागू करने में दो वर्ष 2015 और वर्ष 2016 में उनकी मदद की। उन्होंने उस योजना को बड़े पैमाने पर लागू किया है। उन्होंने तंजावुर दक्षिणी सांस्कृतिक केंद्र द्वारा वर्ष 2015, 2016 और 2017 में आयोजित सलांगईनातम कार्यक्रम में भाग लिया और एक बड़ा योगदान दिया।

5. श्री बद्रप्पन को कई पुरस्कार मिले हैं। तंजावुर दक्षिण क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, तंजावुर दक्षिणी सांस्कृतिक केंद्र सलेम, जिला कला केंद्र, कोयंबटूर ने उन्हें वर्ष 2002 में कलाई मुतुमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। तमिलनाडु सरकार ने लोक कला में उनकी निरंतर सेवा के लिए उन्हें वर्ष 2019 में कलाइमामनी पुरस्कार से सम्मानित किया।